तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

12 चुल्हापथरा में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का समापन ...



11 दर्रा में 24-25 जनवरी को होगा छग स्तरीय ...





## खबर संक्षेप

### भारी वाहन की ठोकर से बाइक चालक घायल

**बालोद।** बाइक सवार युवक को हाईवा ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां घायल युवक के परिजन ने हाईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बर्रापारा संजारी निवासी बालमुकुंद यादव ने पुलिस को बताया कि 14 जनवरी को मेरे चाचा का लड़का बर्रापारा संजारी निवासी तुलेश यादव पिता सुभाष यादव 24 वर्ष दल्लीराजहरा गया था जहां से मोटर साइकिल सीजी 08 एच 7317 से गांव बर्रापारा संजारी जा रहा था, सेम्हरडीह चौक मोड़ के पास राजनांदगांव मेन रोड़ की ओर से आ रहा हाइवा सीजी 24 यू 9911 ने मेरे चचेरा भाई के मोटर साइकिल सीजी 08 एस 7317 को सामने से ठोकर मार दिया जिससे तुलेश यादव के बायें हाथ, कंधा व चेहरा में चोटें आयी है। तुलेश यादव को 108 एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल डौण्डीलोहारा में लाकर ईलाज हेतु भर्ती किया था जिसे हायर सेंटर ईलाज हेतु रिफर किया गया है।

### ट्रक की ठोकर से दो युवक घायल

**बालोद।** बाइक के माध्यम से घुमने गए युवको को ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक चालक युवक घायल हो गए। जिसके बाद पीड़ित युवक के परिजन ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम खरथुली निवासी अगेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि 07 जनवरी के मेरा छोटा भतीजा सोहन साहू ने फोन कर बताया की पेण्डरवानी मोड के पास मनोज का एक्सीडेंट हो गया है बेहोश है। तब मेरा भांचा ललीत साहू ने बताया की मै और मनोज साहू के साथ पल्सर मोटर साइकिल से पेण्डरवानी घुमने के लिये आये थे और पेण्डरवानी मोड के पास पुरूर की ओर से आ रही ट्रक वाहन सीजी 24 डब्लू 3729 ने सामने के बम्फर में टकराकर फेंका गया और बींचों–बीच से ट्रक निकल गया एक्सीडेंट से मनोज को सिर के पिछे दोनो पैर, कमर, एवं बांया हाथ के कोहनी के पास चोंट आया है। बताने पर जानकारी हुआ तब ईलाज हेतु जिला अस्पताल घमतरी में भर्ती कराकर ईलाज करा रहे है।

### ट्रक की ठोकर से बुजुर्ग घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** बाईक के माध्यम से बैग लेकर वापस घर आ रहे बुजुर्ग को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे बुजुर्ग घायल हो गया। बुजुर्ग के बेटे ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सोरर निवासी युवराज कुमार ने पुलिस को बताया कि 14 जनवरी को सुबह 07 बजे मेरा पिता जी काशी राम ठाकुर बच्चो के बैग सिलाई के लिये ग्राम सांकरा (क) में दिया था, उसे लाने के लिये घर के मोटर साइकिल सीजी 24 पी 4756 में घर से ग्राम सांकरा (क) गये थे जहां वापस घर आते समय सुबह करीबन 08 बजे ग्राम कन्नेवाडा में गुरूर से बालोद मुख्य मार्ग में पहुचे थे, उसी समय बालोद से गुरूर की तरफ जा रही ट्रक सीजी 19 बीएल 7216 ने मेरे पिता की मोटर साइकिल को पीछे से ठोकर मारकर दिया। जिससे मेरे पिता जी के माथा, पीठ, बाये पैर के पंजा, घुटना,टखना, दाहिने पैर के घुटना में चोट लगा है एवं सीजी 24 पी 4756 क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना स्थल से मेरे पिता जी को कन्नेवाडा के प्राईवेट वाहन के माध्यम से जिला अस्पताल बालोद में लाकर कर भर्ती किये, जहां से डॉक्टर द्वारा रिफर करने पर निजी अस्पताल में भर्ती किये है। जहां मेरे पिता जी का ईलाज चल रहा है।

# बासीन समिति में धान उत्पादन को लेकर विरोधाभास, किसान बोले- उपज कम फिर भी गिरदावरी में ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

किसान कह रहे उत्पादन कम हुआ है। प्रशासन की गिरदावरी में पर्याप्त उत्पादन है। समिति भी गिरदावली के हिसाब से पूरा धान क्रय कर रही है। छोटे किसान रकबा से कम धान बेच रहे है, लेकिन बड़े किसानों से पूरा धान क्रय किया जा रहा है जो जांच के दायरे में आ गया है। टोकन के पूर्व जिम्मेदार भौतिक सत्यापन नही कर रहे है।


मामला सेवा सहकारी समिति बासीन का है। यहां बीते शुक्रवार को समिति में धान बेचने पहुंचे किसानो से धान उत्पादन व विक्रय की स्थिति को लेकर चर्चा करने पर चौकाने वाला खुलासा हुआ। जहां कई किसानों से चर्चा की गई तो आधे से अधिक किसानों ने बताया कि इस साल उत्पादन कम आ रहा है। समिति में धान बेचने पहुंचे ग्राम भोथली के किसान ईश्वर हिरवानी ने बताया कि वे अपने पौन एकड़ रकबा का धान बेचने आए है। 30 कट्टा धान हुआ है। पहले अधिक होता था। निर्धारित मात्रा से कम धान विक्रय कर रहे है। शेष का समर्पण होगा।

ग्राम भोथली के ही किसान नोहर सिंह ठाकुर ने बताया वे 83 डिसमिल के धान का विक्रय करने पहुंचे है। 16.4 क्विंटल धान हुआ है। जबकि 24 क्विंटल उत्पादन होता था। पहले निर्धारित मात्र से अधिक धान होता था, इस साल कम उत्पादन होने से निर्धारित मात्रा से कम धान बेचेंगे। शेश का समर्पण होगा।

## संदेह के घेरे में बड़े किसान और भौतिक सत्यापन

### कई गांवों में चर्चा

किसानो से जानकारी मिलने पर सेवा सहकारी समिति क्षेत्र के ग्रामो बासीन, भोथली एवं डांडेसरा में दर्जना किसानो से चर्चा की गई। इनमे आधे से अधिक किसानों ने चर्चा मे स्वीकार किया कि उत्पादन कम आ रहा है। जबकि समिति में चस्पा जानकारी के अनुसार औसत उपज प्रति एकड़ ग्राम बासीन में 26.21 क्विंटल, भोथली में 21.68 क्विंटल, डांडेसरा में 23.26 क्विंटल व असिंचित में 18.15 क्विंटल उत्पादन बताया गया है।



सेवा सहकारी समिति मर्या. बासीन प.क्र. 653
शाखा-पलारी
औसत उपज की जानकारी

| क्र. | तहसील | ग्राम | औसत उपज क्विंटल/एकड़ | |
|---|---|---|---|---|
| | | | धान सिंचित | धान असिंचित |
| 1 | गुरुर | बासीन | 26.21 | - |
| 2 | गुरुर | भोथली | 21.68 | - |
| 3 | गुरुर | डांडेसरा | 23.26 | 18.15 |

### किसानों का संशय बढ़ा

किसान कह रहे है उत्पादन कम हुआ है, गिरदावली ज्यादा बता रही है। जब इस सदेंहो पर किसानो से चर्चा की गई तो कुछ किसानो ने बताया कि औसत उपज जांच के दौरान अच्छे उत्पादन वाले क्षेत्र को चिंन्हाकित कर जांच की गई, जिससे उत्पादन ज्यादा दिखा रहा है। मामले में संदेहो को इसलिए भी बल मिल रहा है क्योकि शासन द्वारा टोकन काटने के पूर्व किसानों के घर में जाकर उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन करना है। जबकि चर्चा में कई किसानों ने बताया कि समिति से कोई भौतिक सत्यापन करने नही आया है। समिति के प्राधिकृत अधिकारी जितेन्द्र सांहड़ा ने कहा पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोज आते है, आज नही आए। समिति प्रबंधक उत्तम प्रधान ने कहा आदेश आते रहते है। पटवारी एवं कृषि विभाग के कर्मचारी आज नही आए।

## अवलोकन : महुआ से बन रहे एनर्जी बार और बिस्कुट


# महुआ प्रसंस्करण व संजीवनी विक्रय केंद्र के निरीक्षण में यज्ञदत्त शर्मा ने महिलाओं के नवाचार को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने राजनांदगांव महुआ प्रसंस्करण व संजीवनी विक्रय केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कच्चे वन उत्पादों से विभिन्न प्रकार की निर्माण कार्यविधि का अवलोकन किया। साथ ही समूह की महिलाओं से बात की।

राजनांदगांव में गौरव पथ पर एक महुआ प्रसंस्करण केंद्र है, जहां स्व सहायता समूह की महिलाएं महुआ से एनजएँ बार, बिस्कुट और लड्डू जैसे पौष्टिक उत्पाद बना रही हैं, जिससे पारंपरिक महुआ के उपयोग की धारणा बदल रही है और महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। यहां समूह की महिलाएं अर्जुन की छाल से चाय बना रही है। यह चाय एक आयुर्वेदिक पेय है, जो विशेष रूप से हृदय स्वास्थ्य के लिए अत्यंत गुणकारी है। यह न केवल हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करती है, बल्कि कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी सहायक है।

**सेहत को बेहतर बनाने के लिए किया नवाचार:** सेहत की दिशा में प्रबंध संचालक आयुष जैन ने नवाचार करते हुए आम नागरिकों को अर्जुन की छाल से बनी चाय पिलाने की व्यवस्था प्रारंभ की। बता दे कि अर्जुन की छाल और सोंठ वाली चाय एक बेहतरीन आयुर्वेदिक उपाय है, जो हार्ट हेल्थ, पाचन तंत्र और मानसिक शांति को बढ़ावा देने में मदद करती है। इसके नियमित सेवन से कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। अर्जुन की छाल एक ऐसी प्रभावशाली औषधि है, जो सर्दियों में खासतौर पर लाभकारी होती है।



### महिलाओं की तरक्की देखकर जताई खुशी



उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ हर्बल ब्राण्ड से इन उत्पादों की मार्केटिंग एवं विक्रय का कार्य राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा राजनांदगांव के छत्तीसढ़ हर्बल संजीवनी विक्रय केन्द्र के माध्यम से किया जा रहा है। राज्य के विभिन्न वनमण्डलों, जिला यूनियनों के स्व–सहायता समूहों के माध्यम से निर्मित प्रमुख उत्पादों का विक्रय यहां किया जा रहा है। शर्मा ने कच्चे पदार्थों और प्रसंस्कृत पदार्थों के स्टोरेज, पैकिंग और निर्माण विधि का भी अवलोकन किया। शर्मा ने समूह की महिलाओं की तरक्की देखकर खुशी जताई तथा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### सीएम की दूरदर्शी सोच और पहल ने महुआ को खाद्य सामग्री से जोड़ा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच और पहल ने महुआ को शराब से हटाकर पोषण और खाद्य सामग्री से जोड़ दिया है। राज्य में हुए नवाचार से अब महुआ से कई अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री बनने लगी है। जिससे महुआ की छवि अब धीरे–धीरे बदल रही है। उपाध्यक्ष शर्मा का कहना है कि महुआ और मिलेट्स जैसे पारंपरिक उत्पादों को आधुनिक विज्ञान और नवाचार के साथ जोड़कर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ–साथ पोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ का योगदान बढ़ा रहे हैं। इस दौरान उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन राजनांदगांव योगेन्द्र गंडेचा, मैनेजर महुआ प्रसंस्करण केन्द्र देवेश जंघेल, मैनेजर लाख निलेश चक्रधारी, जय मां फिरनतीन महिला स्व सहायता समूह की सचिव भारती यादव, कोषाध्यक्ष शीतल यादव, सदस्यगण मीना यादव, पूजा सिन्हा, रश्मि यादव, रमेश्वरी, निधि यादव, अनिता, रंजन कुलदीप उपस्थित थे।

# ट्रक की ठोकर से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बाजार से बाइक के माध्यम से वापस आते समय दंपत्ति को ट्रक ने ठोकर मार दी, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। वही बाईक चालक घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक के भाई ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184एलकेएस, 106(1), 125, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम सांकरा (क) निवासी राज कुमार नायक ने पुलिस को बताया कि 13 जनवरी को मेरा मेरा भाई ईश्वर पिस्दा अपने मोटर साइकिल सीजी 07 एजी 4448 में अपनी पत्नी भारती के साथ करहीभदर बाजार गया हुआ था, वापस घर आते समय राम प्रसाद साहू के घर के सामने ग्राम सांकरा (क) मेन रोड एनएच 930 के पास करीबन 7 बजे पीछे से आ रही ट्रक सीजी 15 डीयू 2543 के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते मेरे भाई ईश्वर पिस्दा के मोटर साइकिल सीजी 07 एजी 4448 को ठोकर मारने से ईश्वर पिस्दा एवं पीछे बैठी भारती गिर गई जिससे भारती के सिर एवं कमर में गंभीर चोट लगने से मौके पर मौत हो गया एवं ईश्वर सिर कमर सीना में गंभीर चोंट लगने से ईलाज हेतु जिला अस्पताल लाये थे। जिसे डॉक्टर साहब द्वारा रिफर करने पर एकता अस्पताल धमतरी में ईलाज हेतु भर्ती किये है।

## कार की ठोकर से दो घायल, रिपोर्ट दर्ज

बालोद। जंबूरी कार्यक्रम देखने आए युवक युवती को कार ने ठोकर मार दी। जिसके बाद परिजन द्वारा कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 185, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट लिखाई है। घटना 12 जनवरी के शाम करीबन 04 बजे की है। विराट नगर बोरसी जिला दुर्ग निवासी यमलेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि मेरा साला सुभाष चौक बोरसी निवासी सतीष कुमार साहू मेरे मोटर साइकिल सीजी 07 सीयू 6753 से जम्बुरी कार्यक्रम देखने दुधली (मालीघोरी) गया था। रात्रि करीबन 09:30 बजे जिला अस्पताल बालोद से मोबाईल द्वारा मुझे सूचना मिला कि मेरे साला सतीष कुमार साहू जो अपने साथ में बालोद के कशीष पार्ते के साथ जम्बुरी कार्यक्रम देख कर वापस आते समय रात्रि करीबन 09 बजे ग्राम जुंगेरा पेट्रोल पम्प के सामने मेनरोड़ में कार, सीजी 04 पीडी 9110 ने सामने से ठोकर मार दिया। जिससे मेरे साला के सिर, पैर, पीठ तथा पीछे बैठी कशीष पार्ते के दोनो पैर में गंभीर चोट आया है तथा ईलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती है, जिसे प्राथमिक उपचार बाद हायर सेन्टर रिफर किये है। वर्तमान में मेरा साला सतीष कुमार साहू व कु. कशीष पार्ते का सुपेला में ईलाज हेतु भतएँ कराकर थाना बालोद में शिकायत दर्ज कराई।

# छग भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के नए प्रदेश संयोजक डॉ. देवेन्द्र ने पदभार ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छःग भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ देवेन्द्र कुमार कश्यप ने पदभार प्रदेश भाजपा कार्यालय में ग्रहण किया। जिसके साथ में उनके सहयोगी प्रदेश सह संयोजक डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी ने भी पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के दौरान सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद रूप कुमारी चौधरी कार्यालय प्रभारी, अशोक आकाश, प्रदेश महामंत्री भाजपा रायपुर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रणेता नवीन मार्कण्डेय, जेपी शर्मा उपस्थित थे। जिसमे उनके द्वारा सभी चिकित्सकों को अस्वस्थ किया कि हम सभी जिलों में जाकर चिकित्सकों के साथ मुलाकात करेंगे और चिकित्सा प्रकोष्ठ को आगे बढ़ाने में काम करेंगे। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर एवं सदस्य प्रदेश कार्य समिति भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ रायपुर डॉ गजेंद्र कुमार साहू, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला धमतरी पूर्व सहसंयोजक डॉ रामायण लाल साहू, सहसंयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला धमतरी डॉ. रामकुमार साहू उपस्थित थे।

### दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भर्रीटोला निवासी निरंजन ने पुलिस को बताया कि दुकान के पास था। वही पर ग्राम भर्रीटोला के राजेश रावटे मुझे पुरानी बातो को लेकर गाली गलौच कर धमकी देने लगा, मै मना किया तो राजेश रावटे अपने लडके सौरभ(गोल्डी) को आवाज देकर बुलाया व दोनो हाथ मुक्का से मारपीट कर गला को पकडकर दोनों मारपीट करने लगे। जिससे मैं वही पर गिर गया, गिरते देखकर दोनो बाप बेटा वहां से चले गये, मारपीट करने से मुझे चेहरा के दांए तरफ व गर्दन के पास चोट लगा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर ▶▶| शेष पेज 11 पर

# ग्राम मटिया की बेटी लक्ष्मी साहू ने प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए विचार, बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ परंपरा और नवाचार से विकसित भारत 2047 का दिया संदेश

बालोद जिले गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम मटिया (अर्जन्दा) की होनहार बेटी लक्ष्मी साहू, पिता डालेश्वर प्रसाद साहू, ने प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के समक्ष "परंपरा के साथ नवाचारः एक आधुनिक भारत का निर्माण" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। लक्ष्मी साहू का चयन माइ भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक पार करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर पीपीटी प्रेजेंटेशन हेतु हुआ। इस उपलब्धि के अंतर्गत उन्हें दिल्ली जाकर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिला। प्रेजेंटेशन के दौरान लक्ष्मी साहू ने गांवों में आज भी जीवित भारतीय परंपराओं, संस्कृति, कृषि, लोककलाओं एवं सामाजिक मूल्यों को आधुनिक तकनीक, शिक्षा और नवाचार से जोड़ते हुए भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यदि गांवों की जड़ों को मजबूत करते हुए आधुनिक सोच अपनाई जाए, तो आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना साकार किया जा सकता है। उनके विचारों को मंच पर उपस्थित विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा सराहा गया। लक्ष्मी साहू की इस उपलब्धि से ग्राम मटिया (अर्जन्दा), बालोद जिला एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों, शिक्षकों और परिजनों ने उनकी सफलता को आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया है।




## सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी

# सरकार की नीतियों व खरखरा बांध की ऊंचाई बढ़ाने के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ उपजाऊ भूमि और वन क्षेत्र डूब में जाने की आशंका

छत्तीसगढ़ सरकार की कथित गलत नीतियों तथा खरखरा बांध की ऊंचाई बढ़ाए जाने के विरोध में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ एवं जिला किसान संघ बालोद के संयुक्त आह्वान में गुरुवार 16 जनवरी को नगर में विशाल किसान प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में प्रभावित किसान शामिल हुए और सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम की शुरुआत बाजार चौक में सभा के साथ हुई, जो देखते ही देखते विशाल रैली में परिवर्तित हो गई। रैली बाजार चौक से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक, मंडी गेट, मस्जिद चौक, स्वामी विवेकानंद चौक होते हुए दंतेश्वरी मंदिर के पास आम सभा के रूप में संपन्न हुई। इस दौरान किसानों ने नारेबाजी करते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए। बाद में अनुविभागीय दंडाधिकारी डौंडीलोहारा को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।



सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार धान खरीदी व्यवस्था में भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। कहीं धान सड़ रहा है तो कहीं करोड़ों का धान चूहों के हवाले हो रहा है, जबकि किसान मेहनत का उचित मूल्य पाने से वंचित हैं। नेताओं ने कहा कि खरखरा बांध की ऊंचाई बढ़ाने से किसानों की उपजाऊ भूमि व वन क्षेत्र डूब में आ जाएगा, जिससे उनकी आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा होगा। यह बांध सिंचाई के लिए बना था, न कि उद्योगों और शहरों को पानी देने के लिए।

कार्यक्रम में ग्राम दुर्गीटोला से भगोलीराम उइके, खैरकट्टा से पुष्प साहू, नंगुटोला से सदाराम बाघमारिया, मुंडाटोला से दसरू नेताम, शिवसेना जिला अध्यक्ष बालोद विजय पारख, छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ अध्यक्ष सोमनाथ उइके, जिला किसान संघ अध्यक्ष गेंद सिंह ठाकुर तथा छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जनक लाल ठाकुर सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन बिहारी लाल ठाकुर ने किया, जबकि ग्राम बंजारी के मुरारी प्रजापति ने आभार प्रदर्शन कर सभा का समापन किया। इस आंदोलन को शिवसेना के जिला पदाधिकारियों का भी समर्थन मिला।


# गुण्डरदेही से मालीघोरी जा रहा 900 कट्टा धान लदा ट्रक 5 दिन बाद दमकसा मोड़ पर लावारिस मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



गुण्डरदेही ब्लाक के कोड़ेवा धान खरीदी केन्द्र से 13 जनवरी को 900 कट्टा धान संग्रहण केन्द्र मालीघोरी के लिए निकला ट्रक पांच दिन बाद भी मालीघोरी नही पहुंचा लेकिन धान को लेकर प्रशासन ने कोई खोजबीन नही की गई। 17 जनवरी को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बड़भूम के पास दमकसा मोड़ पर लावारिस हालत में उक्त ट्रक के मिलने से प्रशासन में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि दमन मनदीप ट्रांसपोर्टर का ट्रक सीजी 08 एवी 1711 900 बोरा धान भरकर 13 जनवरी को मालीघोरी संग्रहण केन्द्र जाने के लिए निकला था। पांच दिन बीतने के बाद भी वह केन्द्र नही पहुंच पाया। ट्रक में जीपीएस लगा हुआ था। शनिवार देर शाम यह ट्रक बालोद–कांकेर जिले की सीमा क्षेत्र से गुरूर थाना अंतर्गत दमकसा गांव के पास घने जंगल के बीच सड़क किनारे लावारिस हालत में पाया गया। ट्रक का केबिन लाक था, और वही चालक मौके पर मौजूद नही था। अधिकारियो के अनुसार ट्रक से करीब 250 कट्टा धान गायब है। तौल के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। मामले की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप



### हाथ में लोहे का कड़ा पहनने वालों पर सख्ती

**भिलाई।** जिले में आयोजित मड़ई मेला, बाजार क्षेत्रों समेत अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस सघन निगरानी कर विशेष अभियान चला रही है। अभियान के दौरान असामाजिक कस्मि के युवक बड़े-बड़े लोहे के कड़े पहनकर मड़ई मेला, बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर घूमते हुए अड्डेबाजी कर रहे थे। अभियान के तहत 350 लोहे के कड़े पुलिस ने जब्त किया है। मड़ई मेला, बाजार, सार्वजनिक स्थलों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अड्डेबाजी, हथियारनुमा वस्तुएं पहनकर घूमने, भय का वातावरण निर्मित करने अथवा कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ भी बिना किसी पूर्व सूचना के कठोर और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यालय के उद्घाटन से जनसेवा को मिलेगी दिशा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष तथा कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राकेश पांडेय के कार्यालय का शुभारंभ शनिवार को 32 बंगले में हुआ। इस कार्यालय से संगठन व संस्था जनसेवा, विकास और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में नए आयाम स्थापित करेंगे। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को सशक्त बनाने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयास करेंगे।

### रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई।** फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई ने राजनांदगांव में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी निर्देशक मनोज ठाकरे, एडवोकेट नेहा गुप्ता, ट्रेनर तपन कुमार विश्वास और संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फायर एवं सेफ्टी के विद्यार्थियों ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का आयोजन रक्त वीर संस्था के नागेंद्र यदु और उनकी टीम ने किया।

# मूकमाटी के नाम से पहचानी जाएगी रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुछ समय पहले रायपुर-जबलपुर की महत्ता को देखते हुए इंटरसिटी एक्सप्रेस की शुरुआत की थी। यह ट्रेन रायपुर से छूटकर डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट होकर जबलपुर पहुंचती है। उसी दिन आधे घंटे के बाद जबलपुर से रायपुर लौटती है। दुर्ग भिलाई रेल यात्री संघ के अध्यक्ष संजय बोहरा ने बताया कि उक्त ट्रेन के लिए की मांग वर्षो से की जा रही थी, जिसे रेल मंत्रालय ने स्वीकार किया। इस ट्रेन का नामकरण का प्रकाशन रेल मंत्रालय ने कर दिया है। शनिवार की शाम 4:05 पर मुख्यमंत्री विष्णु साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर प्लेटफार्म नंबर 7 से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई रवाना किया। यह ट्रेन शाम करीब 5 बजे दुर्ग पहुंची। सकल दिगंबर जैन समाज, श्वेतांबर समाज दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव के पदाधिकारी ने इस अवसर पर ट्रेन में यात्रा करने वाले लोगों को मिठाई का प्रसाद के रूप में वितरण किया।

## सकल जैन समाज के लोगों ने स्टेशन में पहुंचकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जताया आभार

### जबलपुर का संबंध संत विद्यासागर के कर्म रूप में

बोहरा ने बताया जबलपुर का संबंध संत शिरोमणि गुरु विद्यासागर के कर्म रुप में है। डोंगरगढ़ उनका मोक्ष स्थल है। अर्थात जहां अंतिम समय गुजर, जहां से वह ब्रह्मलोक में गए थे। इस क्षेत्र की उपयोगिता को देखते हुए महाकवि गुरुवर आचार्य विद्यासागर के महाकाव्य खंड जिसका प्रकाशन ज्ञानपीठ में हुआ था। कई विश्वविद्यालय में शोध और पीएचडी के लिए विद्यार्थी ग्रंथ पर अपना अध्ययन कर रहे हैं। इस महाकाव्य खंड के लोकप्रियता को देखते हुए इसमें हिंदी भाषा की उत्कृष्ट काव्य भाषा का उपयोग किया गया है, जो की ज्ञानपीठ प्रकाशन ने भी प्रकाशित किया है।



### महाकाव्य के काव्यपाठ पर किया गया ट्रेन का नामकरण

संजय बोहरा ने बताया कि इस लोकप्रिय महाकाव्य के प्रसिद्ध काव्य पाठ पर इस ट्रेन का नाम रेल प्रशासन नई दिल्ली ने मूक माटी एक्सप्रेस रखा है। इसके लिए सकल जैन समाज आभारी है। स्टेशन में ज्ञानचंद पाटनी, महावीर गंगवाल, रमेश बाकलीवाल, वीके जैन, संजय बोहरा, अभिषेक जैन, निखिल जैन बाकलीवाल, महेंद्र पाटनी, प्रदीप बाकलीवाल, विमल बड़जात्या, सुशील पाटनी, बबीता बाकलीवाल, ममता पाटनी, अनीता बाकलीवाल, महिला वर्ग से मीणा पाटनी सहित अन्य मौजूद थे।

## 20 को करेंगे नगर सेवाएं कार्यालय का घेराव, रखेंगे मांग

# टाउनशिप के सैकड़ों रिटायर आवासधारियों में किराया वृद्धि को लेकर बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वर्षों अपने खून पसीने से भिलाई इस्पात संयंत्र को सेल का सबसे बड़ा संयंत्र बनाने में योगदान देने वाले सैकड़ों सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों की आवासीय परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। रिटेंशनधारियों के आवासों की भारी किराया वृद्धि को लेकर प्रबंधन की उदासीनता से आक्रोश बढ़ रहा है। गुस्साए रिटेंशनधारी अब बीस जनवरी को नगर सेवाएं विभाग कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में रिटायर संयंत्रकर्मियों को रिटेंशन स्कीम के तहत आवास अलाट किए गए हैं। आवास के लिए चौदह सौ रहवासियों द्वारा नौ लाख रुपए बीएसपी में जमा किए हैं और हर माह आवास, बिजली आदि किराया राशि देते हैं। लेकिन दो महीने पूर्व प्रबंधन ने अचानक कई गुना किराया बढ़ा दिया है। किराया वृद्धि 24 रुपए प्रति वर्ग फुट बढ़ा दिया गया है। रिटेंशनधारियों के मुताबिक इतना अधिक किराया भुगतान कर पाना संभव नहीं है। वे कई बार बीएसपी अधिकारियो से राहत की गुहार कर चुके हैं। सांसद विजय बघेल व विधायक देवेंद्र यादव ने भी प्रबंधन से चर्चा कर रिटेंशन स्कीम के नए नियम को वापस लेने की मांग कर चुके हैं लेकिन अब तक परिणाम शून्य है। सभी सांसद विधायक व अफसरों के चक्कर लगा रहे हैं। समाधान नहीं होने से रिटेंशनधारियों में असंतोष बढ़ रहा है। बीएसपी रिटेंशनधारी संघ की शनिवार को पायोनियर मान्यूमेंट पार्क सिविकसेंटर में हुई बैठक में सांसद विजय बघेल से मुलाकात करने और उनके प्रबंधन के आश्वासन पर अमल नहीं होने की जानकारी दी गई। प्रबंधन के अड़ियल रवैये पर आक्रोश जताया गया मनामान किराया वापस लेने की मांग को लेकर बीस जनवरी को सुबह 8 बजे से बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। रिटेंशनधारी संघ के पी मोहन राव ने बताया कि विभाग के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल किराया वृद्धि वापस लेने की मांग की जाएगी। रिटेंशधारी 32 गुना किराया पटा रहे हैं।

## कई बुजुर्ग मकान खाली करने हो रहे मजबूर



### रिटेंशन से बीएसपी को दोहरा लाभ

बीएसपी को बीएसपी आवासों को सेवानिवृत्तों को किराया पर देने से दोहरा लाभ हो रहा है। इसके बाद भी इस स्कीम को खत्म करने कई गुना रेंट बढ़ाने से रहवासी चिंतित व आक्रोशित हैं। रिटेंशनधारियों ने बताया कि रिटेंशन पर आवास देने से मकानों के नियमित रखरखाव होने के साथ किराया केरुप में बीएसपी को करोड़ों का राजस्व भी मिल रहा है। हर रिटेंशनधारी से 9 लाख रुपए सुरक्षा निधि के रुप में जमा करवाए गए हैं। यदि मकान खाली रहेंगे तो कब्जाधारियों व अराजक तत्वों के जमावड़े से अराजकता बढ़ेगी।

### सैकड़ों थर्ड पार्टी से नुकसान

रिटेंशनधारियों ने बताया कि टाउनशिप में प्रबंधन द्वारा राज्य शासन के अधिकारियों व विभिन्न निजी संस्थानों को हजारों आवास थर्ड पारी के रुप में आवंटित किए हैं। कई को तीन चार मकान आवंटित हैं। इनमें कई अफसरों के तबादले व रिटायर होने के बाद भी कब्जा किए हैं। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन व यूनियनों के प्रबंधन से मांग के बाद भी कब्जामुक्त नहीं करवाए जा चुके हैं। इससे बीएसपी को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। सेक्टर 10, 9 व 32 बंगला सहित विभिन्न सेक्टरों में सैकड़ों बड़े मकानों कब्जा बरकरार है। वहीं दूसरी ओर प्रबंधन बीएसपी के विकास में वर्षों पसीना बहाने वाले सैकड़ों सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों को बुढ़ापे में बेघर करने में अपनी ताकत झोंक रहा है। 18 हजार से 20 हजार किराया बिल आ रहा है।

# वार्डवासियों की समस्याओं से अवगत हुए मंत्री यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मॉर्निंग विजिट में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शनिवार को मोहननगर, आमापारा और आर्यनगर पहुंचे और जनता से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुने। वार्ड के नागरिकों ने उन्हें वार्ड के विकास और मूलभूत समस्याओं से अवगत किराया। मंत्री यादव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

■ सीमेंटीकरण सड़क और नाली निर्माण की मांग

नागरिकों ने वार्ड की जरूरतों और विकास से जुड़े विषयों को केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव को अवगत कराया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सांझा करते हुए पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किए। वार्ड भ्रमण के दौरान केबिनेट मंत्री यादव ने महतारी वंदन योजना, पीएम आवास के हितग्राहियों से भी चर्चा की। वार्ड 12 के नागरिकों ने क्षेत्र में सीमेंटीकरण सड़क, नाली निर्माण और अधिक विकास कार्य कराए जाने का आग्रह किये। मंत्री गजेन्द्र यादव ने वार्डवासियों के साथ भ्रमण कर स्थानीय आवश्यकताओं पर चर्चा की। इस दौरान नागरिकों ने मैदान के पास स्थित रिक्त भूमि को सुव्यवस्थित कर शादी-विवाह, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए डोमशेड एवं सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में निरंतर जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं। जनता जनार्दन से सीधा संवाद ही सुशासन की नींव है, और क्षेत्र की बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएंगे और जनसेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान पार्षद आशीष चंद्राकर, मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, संदीप भाटिया, महेश देवांगन, अमित अगने, मनोज कुमार सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# संग्रहण केंद्रों में कम धान मिलने की हो निष्पक्ष जांच, एसएसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी और भंडारण व्यवस्था एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। सत्र 2024–25 में खरीदे गए धान के उठाव के बाद कवर्धा और महासमुंद जिलों के धान संग्रहण केंद्रों में करोड़ों रुपये के धान की भारी कमी सामने आई है। अधिकारियों द्वारा इस कमी के लिए चूहों, कीट-पतंगों, नमी और मौसम को जिम्मेदार ठहराए गए।

इन मामलों के उजागर होने के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने दुर्ग वेयरहाउस का दौरा किया। उन्होंने कहा कि वे यह देखने आए हैं कि कहीं कवर्धा और महासमुंद से बताए जा रहे चूहे दुर्ग तो नहीं पहुंच गए। पूर्व में राज्य भंडार निगम के अध्यक्ष रह चुके वोरा ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने कभी ऐसा मामला नहीं देखा, जहां हजारों क्विंटल धान की कमी को चूहों और कीट-पतंगों



के नाम पर समझाया गया हो। उनका कहना था कि यह लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित गड़बड़ी का संकेत देता है। दौरे के बाद वोरा ने दुर्ग के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि असली दोषियों की पहचान जरूरी है और करोड़ों रुपये के इस नुकसान के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने इन सभी मामलों को गंभीर बताते हुए उच्च स्तरीय, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच की मांग की है।

# साक्ष्य और एनडीपीएस को लेकर ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ई-साक्ष्य एनडीपीएस एक्ट को लेकर विवेचकों द्वारा की जाने वाली त्रुटियों के लिए पुलिस अधिकारी, विवेचकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दुर्ग प्रशासनिक भवन स्थित प्रशिक्षण हॉल में किया गया। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा पुलिस अधिकारी विवेचकों को नशीली टेबलेट व कैप्सूल में कार्रवाई धारा 50 एनडीपीएस कार्रवाई, व्यक्तिगत तलाशी घटनास्थल पर स्पष्ट दस्तावेज तैयार करना, ओवरराईटिंग नहीं करने, सेंपलिंग कार्रवाई के बाद दवाई या मादक पदार्थ का परीक्षण कराने एफएसएल भेजने, संपति पत्रक में सील लगाने, धारा 42 ,धारा 50, 52-ए इन्वेस्टी की कार्रवाई धारा 55, धारा 57 कार्रवाई की सूचना, एनडीपीएस एक्ट के मामलों में एक से अधिक आरोपी होने से धारा 29 एन.डी.पी.एस.एक्ट् में कार्रवाई करने, आगजनी के दौरान हादसों में सपंत्ति का विवरण देने, आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने आरोपी को सजा दिलाने के उद्देश्य से कार्रवाई करने, मर्ग जांच में कारणों का उल्लेख करने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी, निरीक्षक नीलकंठ वर्मा समेत 75 अधिकारी, विवेचक पहुंचे थे।

# आयुक्त ने बैकुंठ धाम क्षेत्र के सुलभ शौचालय, पीएम आवासकिया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 अंतर्गत एसएलआरएम सेंटर, जीवीपी पॉइंट, सुलभ शौचालय, बैकुंठ धाम तालाब, पीएम आवास सहित मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना से दुकानो का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया है।

निगम आयुक्त द्वारा मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड 33 में एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया गया। सेंटर मे चल रहे कचरा पृथककरण के कार्यो का जायजा लिए । ई-रिक्शा एवं ऑटो टिप्पर से डोर-टू-डोर कचरा बीट चार्ट अनुसार एकत्रित करने निर्देशित किये है। नागरिको द्वारा कचरा फेकने वाले स्थल जी व्ही पी प्वाइंट को सौंदर्य करण किया गया है। वार्ड मे सड़क किनारे लगाए गये पेवर ब्लॉक का जायजा लेते हुए अतिक्रमण को हटाने निर्देशित किये है। रोड साइड अतिक्रमण कर टेंट एवं अन्य कारोबार करने वाले लोगों पर कारवाई करने निर्देशित किया गया है ।



आयुक्त ने दिवाल एवं चौंक-चौराहो मे पेंटिंग के माध्यम से स्वछता हेतु नागरिको को जागरूक करने कहा गया है। नागरिकों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए सुलभ शौचालय की नियमित साफ-सफाई एवं पानी की सुविधा बनाये रखने निर्देशित किये है। वार्ड मे अवैध तरीके से रह रहे नागरिकों से मुलाकात कर 75000 में प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन करने ओर मुख्यमंत्री स्वालम्बन योजना से निर्मित दुकानों को स्वयं से खाली करने नागरिकों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेंद्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 11वां वार्षिक आयोजन

# वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग के प्रांगण में 11 वां वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन शनिवार को रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। ध्वजारोहण व शपथ ग्रहण के पश्चात मशाल प्रज्वलित कर खेलोत्सव प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर सीए अजय जिंदल, सीए मदनमोहन उपाध्याय, शाला की प्रबंधन समिति की एकेडेमिक डायरेक्टर और प्राचार्या दीप्ति तिवारी, निर्देशक बृजमोहन उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा, एकेडेमिक कोऑर्डिनेटर हरबिंदर कौर संधु और







वेदप्रकाश बाजपेयी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 50 व 100 मीटर, गुब्बारा दौड़, बॉल रेस, नींबू दौड़, जिग जैग रेस तथा कक्षा छठवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए खो-खो, बास्केटबॉल, क्रिकेट, 200 मीटर रेस, रीले रेस तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। अतिथियों और अधिकारियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मैडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वार्षिक प्रतियोगिताएं व अन्य गतिविधियों के आधार पर इनोवेटर हाऊस येलो हाऊस को ट्रॉफी प्रदान की गई ।

मुख्य अतिथि रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने कहा कि छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने अंदर की प्रतिभाओं को उजागर किया है। छात्र शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही खेलकूद में भी विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। शाला के द्वारा छात्रों के लिए स्पोर्ट्स एकेडमी में क्रिकेट, बास्केटबॉल, फुटबॉल , कराटे की कक्षाएं ली जाती हैं। जिनसे कई छात्र शालेय ,राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

# नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट के मुकाबले में उतरने छत्तीसगढ़ दोनों वर्ग की टीम तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महाराष्ट्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की ओर से 36वीं सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 19 जनवरी से 22 जनवरी तक नागपुर में आयोजित है।

■ नागपुर में 19 जनवरी से होंगे मैच

भा र ती य टेनिस बॉल महा संघ के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रतियोगिता जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की पुरुष एवं महिला टेनिस बॉल क्रिकेट टीम भी भाग लेगी। छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट पुरुष टीम के खिलाड़ियों में कप्तान संदीप वर्मा, निलेश बेग, हेमंत,



प्रभात निगम, अमित हरपाल, राहुल सोनकर, आमिर हुसैन, संतोष चौहान, परितोष राव, अभिषेक सिंह, यशस्वी सिन्हा, संस्कार यादव, सिराजी और रोशन यादव हैं। टीम के प्रशिक्षक संतोष प्रसाद एवं प्रबंधक सूरज साव हैं। छत्तीसगढ़ महिला टीम की खिलाड़ियों में कप्तान जे सुधा कुमारी, मोनिका कुमारी, दीप्ति कुमारी, भूमिका कुमारी, सपना कुमारी, शिखा कुमारी, भूमिता कुमारी, अमीषा कुमारी, गायत्री साहू, कुमारी पूनम बंजारे, कुमारी देवकी, कुमारी जागृति और कुमारी ममता शामिल हैं। इस टीम के प्रशिक्षक संतोष प्रसाद एवं प्रबंधक गायत्री वर्मा है। इन दोनों ही टीमों के मुख्य प्रबंधक संतोष प्रसाद हैं। इन समस्त खिलाड़ियों एवं ऑफिशल्स को दुर्ग जिला सांसद एवं दुर्ग जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विजय बघेल, दुर्ग जिला ओलंपिक संघ के महासचिव बशीर अहमद खान, बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब एवं इस्पात क्लब सेक्टर-1 के सचिव वंश बहादुर सिंह, चयनकर्ता राधेश्याम, जय प्रकाश आर्य, संतोष प्रसाद, ई लक्ष्मी, कुदरत दास एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव आजाद अहमद खान ने शुभकामनाएं दी है।

## आयोजन : सामाजिक एकता और विकास पर दिया जोर

# कुर्मी समाज के सम्मेलन में भव्य प्रदर्शन: 21 सौ महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, दो जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला बालोद का प्रथम सम्मेलन सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान बालोद में आयोजित किया गया। पाटेश्वर धाम डौंडीलोहारा के राम बालक दास जी महात्यागी ने शिवाजी की प्रतिमा की आरती उतारकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। आयोजन में अतिथियों द्वारा सामाजिक एकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, वहीं दो जोड़े का आदर्श विवाह भी कराया गया। सुबह भव्य कलश यात्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें 21 सौ महिलाओं ने सर पर कलश रख नगर भ्रमण किए।

कलश यात्रा दिल्लीवार कुर्मी भवन बालोद से जय स्तंभ चौक, मधु चौक, सदर बाजार होते हुए कार्यक्रम स्थल सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान पहुंची। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि समाज के विकास के लिए सबको एक होना जरूरी है। आदर्श विवाह की सराहना करते हुए कहा कि एक तरफ खचऍली शादियां बढ़ रही है, इन परिस्थितियो में समाज में आदर्श विवाह के लिए जो तैयार हुए हैं वह निश्चित रूप से बधाई के पात्र हैं। प्रथम सत्र के कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कूर्मि समाज एवं सांसद दुर्ग विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अखिल भारतीय कूर्मि समाज महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर ने कहा कि समाज में जागरूकता आई है। समाज के विकास में महिलाओं का योगदान हमेशा अग्रणी रहा है। सांसद दुर्ग विजय बघेल ने कहा कि कुमऍ समाज की लगातार बढ़ रही संख्या को देखते हुए जनगणना कराने का निर्णय लिया गया है। इसमें सभी लोगों को भाग लेना है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के पदाधिकारी समाज को आगे ले जाने में सतत चिंतन करें। समाज के सभी वर्गों को बराबर महत्व दें, समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास करें। आयोजन को प्रितपाल बेलचंदन, गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख, जांजगीर विधायक व्यास नारायण कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश देशमुख, कोमल देशमुख एवं राधेश्वरी देशमुख ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक बृजेश चंद्राकर, छगन देशमुख, संजय चंद्राकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजराम देशमुख, आरके वर्मा, राजेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार वर्मा, महामंत्री चेमन देशमुख, टीकम पिपरिया, पुष्पेंद्र चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, यजुवेंद्र वर्मा, ललित हरदेल, ठाकुर राम चंद्राकर, केके राजू चंद्राकर, रोशन अमृत, भूलेश्वर देशमुख, जगदीश देशमुख, ढालेश देशमुख, राजीव देशमुख, तामेश्वर देशमुख, सुनील बेलचंदन, दिनेश देशमुख, तिलक देशमुख, दिल्लीवार समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ राजेंद्र हरमुख, पवन दिल्लीवार, विनोद चंद्राकर, दिलीप देशमुख, मनोज पटेल, आशा अमृत, ममता चंद्राकर, सरिता देशमुख, चंद्र वर्मा, द्रौपदी वर्मा, राजा देशमुख, पुष्पा पिपरिया, लोकेश्वरी पिपरिया, बिना हरदेल, ओम देशमुख, अनूप देशमुख, श्रीकांत वर्मा, गोपेश्वर देशमुख, ढालेश्वर देशमुख, सोहन निषाद अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन में दो जोड़ों का आदर्श विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। इसमें आलबरस के डोमेश्वर देशमुख पिता अमृत देशमुख के साथ दीक्षा पिपरिया पिता लीलेश पिपरिया निवासी कोड़ेवा सुन्दरा तथा लोकेंद्र देशमुख पिता खेमलाल देशमुख ग्राम जगन्नाथपुर के साथ रीना देशमुख पिता लिलेश पिपरिया कोड़ेवा सुन्दरा के साथ आदर्श विवाह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल सहित अन्य अतिथियों ने वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया।



कार्यक्रम में जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, आयुर्वेद चिकित्सक भेड़ी वीरेंद्र देशमुख, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज प्रीती देशमुख, जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज जिला बालोद सुरेंद्र देशमुख, जिला अध्यक्ष पाटीदार कुर्मी समाज मोहन भाई पटेल, केंद्रीय अध्यक्ष तिरेला कुर्मी समाज ललित काकडे, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग प्रीतपाल बेलचंदन, जांजगीर विधायक व्यास नारायण कश्यप, उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम भाठागांव बी में मड़ई मेला 23 जनवरी को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम भाठागांव बी में ग्रामवासियों के तत्वाधान में 23 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष पोषण साहू ने दी।

### जैन श्री संघ अध्यक्ष प्रेमचंद के जन्मदिन पर रक्त परीक्षण शिविर आयोजित

**कुसुमकसा।** जैन श्री संघ कुसुमकसा के अध्यक्ष प्रेमचंद के जन्मदिवस पर निशुल्क रक्त ग्रुप व हिमोग्लोबिन परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें 128 लोगों ने अपना रक्त परीक्षण कराया। जिसके बाद अध्यक्ष के जन्मदिन पर जैन श्री संघ के सदस्य सहित ग्रामीणों ने केक काटकर मिठाईयां वितरित की। रक्त परीक्षण कराने आए ग्रामीणों ने उक्त शिविर लगाने के लिए प्रेमचंद का आभार व्यक्त किया।

### महिला का मिला शव नहीं हो पाई शिनाख्त

**भिलाई।** कुम्हारी थाना अंतर्गत ग्राम परसदा स्थित कैवल्य धाम के पीछे खेत में एक अज्ञात महिला का सड़ा गला शव मिला है। डीकंपोज हो जाने से शव की सिनाख्त नहीं हो पाई है। कुम्हारी पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## निधन

### रमेशर साहू



**जामगांव आर।** रमेशर साहू 90 वर्षीय का रविवार को निधन हो गया। वे विद्युत पोल सिप्टिंग ठेकेदार टीकम साहू एवं युवा किसान कुमार साहू के पिता एवं आर्मी अधिकारी सोनसाय साहू के दादा थे। नवागांव में अंतिम संस्कार किया गया।

## पेज 9 का शेष

### दो पक्षों में गाली ...

पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भरऍटोला निवासी राजेश ने पुलिस को बताया कि ग्राम भर्रीटोला के किराना दुकान के पास निरंजन सिंह माहला व चिंताराम नेताम के साथ वाद विवाद हो रहा था, वाद विवाद को देखकर मैं रूक गया, तो मुझे निरंजन सिंह माहला तुमको भी देख लुंगा बोलकर मुझे गाली देकर धमकी देने लगा, मौके पर मेरा लडका सौरभ रावटे वाद विवाद को देखकर बीच बचाव करने आया, तो उसे भी कॉलर पकडकर सीधा घर तरफ ले जाकर छोड दिया, कुछ समय बाद फिर निरंजन माहला मेरे घर के सामने आकर डंडा, टंगिया लेकर फिर मुझे गाली गलौच बोलकर गाली देने लगा, डर के कारण मैं घर से नही निकला। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कनेरी के सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव एवं मातृ सम्मेलन कल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम कनेरी में सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव एवं मातृ सम्मेलन का आयोजन 19 जनवरी को बाजार चौक स्थल ग्राम कनेरी में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर होंगी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कनेरी दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा करेंगी। विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत गुरुर नंदकिशोर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर ईशाप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष भारतीय जनता पाटएँ जिला बालोद कौशल साहू, सरपंच ग्राम पंचायत भेजामदानी कुमारी रुद्राणी नेताम, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत भेजामैदानी रेणुका गजेंद्र होंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला समन्वयक जिला बालोद होंगे दीपक हिरवानी होगे। कार्यक्रम में संपन्न होगा। उपरोक्त जानकारी संयोजक सरस्वती शिशु मंदिर कनेरी जनार्दन सिन्हा एवं प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर कनेरी चित्ररेखा साहू द्वारा दिया गया है।

# जल-संरक्षण जनआंदोलन में उत्कृष्ट योगदान पर नलकसा सत्संग सेवा केंद्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जल–संरक्षण जनआंदोलन में विशेष कार्य करने वाले नलकसा सत्संग सेवाकेंद्र ग्राम नलकसा तहसील डौंडी जिला बालोद को मुंबई में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।



जल-संरक्षण जनआंदोलन के तहत नलकसा सत्संग सेवा केंद्र द्वारा 9 कच्चे बंधारों का निर्माण कर जल-संरक्षण के क्षेत्र में योगदान दिया गया, जिसके लिए श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्यजी की उपस्थिति में सम्मान प्रदान किया गया।

श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य के मार्गदर्शन में जल–संरक्षण का ऐतिहासिक जनआंदोलन 15 दिनों में 4,598 कच्चे बंधारे, पानी रोको, पानी संजोओ, जीवन बचाओ संकल्प साकार श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्यजी की पावन प्रेरणा, दिव्य मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से वैश्विक ऊष्मीकरण के विरुद्ध प्रारंभ किया गया। जल–संरक्षण जनआंदोलन देशभर में जनचेतना का सशक्त माध्यम बनकर उभरा। समाज के हर वर्ग की सहभागिता से इस अभियान को जनसमर्थन प्राप्त हुआ।

मात्र 15 दिनों की अल्पावधि में 4,598 कच्चे बंधारों का निर्माण कर पानी रोको, पानी संजोओ, जीवन बचाओ इस महाअभियान के संकल्प को सफलतापूर्वक साकार किया गया। इस प्रेरणादायी अभियान की संकल्प–पूर्ति समारोह में नामदार संजयजी राठोड तथा मुख्यमंत्री देवेंद्रजी फडणवीस की धर्मपत्नी अमृता फडणवीस की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जल–संरक्षण अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समर्पित सेवाभावी भक्तगणों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 73 कच्चे बंधारों का निर्माण किया गया, जो धमतरी, रायपुर, बालोद, राजनांदगांव एवं दुर्ग जिलों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह महाअभियान केवल जल–संरक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्यजी के नेतृत्व में भावी पीढ़ियों के प्रति सामाजिक दायित्व, पर्यावरण चेतना एवं जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण बनकर स्थापित हुआ है।

# निर्माणाधीन सड़क में मोटरसाइकिल चलाने पर युवक की पिटाई, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

निर्माणाधीन सड़क में गाड़ी चलाने पर युवक की पिटाई कर दी गई। जिसके बाद पीड़ित युवक की पत्नी ने मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम कोटागांव भुरकाभाठ निवासी रेखा बाई करबिया ने पुलिस को बताया कि मेरा पति जितेन्द्र कुमार करबिया कच्चे माइंस से काम करने के बाद मोटर साइकिल से घर आ रहे थे, गली में शासन द्वारा सीसी रोड का निर्माण कराये जाने से मोटर साइकिल को रोड के किनारे खडी कर रात्रि मे मोटर साइकिल को सीसी रोड के उपर से चलाते हुए घर ले जाने लगे, उसी समय गांव के कुछ लोग आपत्ति करने लगे, जिस पर मेरे पति ने कहा इसके पूर्व मे भी दो–तीन लोग सीसी रोड मे गाडी चलाये हैं, इसके बाद मेरा पति पुनः आंगनबाडी के पास गये तो वहां पर उपस्थित बिरझू कोरेटी जो अपने हाथ में बांस का डंडा रखा हुआ था तथा नरेश कोरेटी लकडी का चिराल रखा हुआ था जो कहने लगे सीसी रोड मे मोटर सायकल को क्यों चलाये हो कहकर वाद विवाद कर गाली देने लगा, मेरा पति गाली देने से मना किये तो बिरझू कोरेटी अपने हाथ मे रखे डंडा से व नरेश कोरेटी लकडी की पटनी से सिर मे मारे। मैं झगडा लडाई की आवाज को सुनकर आंगनबाड़ी के पास आई तब देखी मेरे पति के सिर मे चोट लगा था खून निकल रहा था, तथा नाक मे चोंट लगा था, मैं अपने पति को घर लेकर आई 02 जनवरी को डौण्डी अस्पताल ले गये, डौण्डी अस्पताल मे सीटी स्केन कराने दल्लीराजहरा रिफर कर दिये, वहां से रिफर करने से धमतरी अस्पताल मे भर्ती किये हैं।

# बिरेतरा में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञापुराण कथा प्रवचन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्राम बिरेतरा में 15 से 17 जनवरी तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञापुराण कथा प्रवचन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस मंगल कलश शोभायात्र निकाली गई।

जिसमें ग्राम के पीतवस्त्रधारी महिलाओं ने अधिक संख्या में भाग लिया, सायंकालिन प्रज्ञापुराण कथा प्रवचन के क्रम में कथाकार हेमंत व्यास ने गायत्री और यज्ञ की गरिमा महिमा पर व्याख्या करते हुए कहा कि गायत्री महामंत्र का जप स्वयं गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने किया और इससे उत्पन्न आध्यात्मिक बल के आधार पर उन्होंने युग निर्माण की योजना बनाई तथा लाखों–करोड़ों अनुयायियों के ब्राह्मणत्व को जगाकर उनसे असंभव दिखने वाले कार्य संपन्न कराये। गायत्री






महामंत्र का जप के अलावा गायत्री महामंत्र के लेखन भी किया जा सकता है, आत्मकल्याण एवं विश्व कल्याण के लिए प्रतिदिन नियमित कम से कम एक माला गायत्री मंत्रजप जरूर करना चाहिए, प्रतिदिन या सप्ताह में एक दिन हवन यज्ञ करना चाहिए, नियमित गायत्री चालीसा पाठ करना चाहिए एवं प्रत्येक गुरुवार या रविवार को उपवास रहने से मन बुद्धि अंतरूकरण शुद्ध होता है, इस तरह व्यक्ति निर्माण से युग परिवर्तन संभव हो जाता है।

दूसरे दिन भी प्रज्ञापुराण कथा एवं शायंकाल दीपयज्ञ आयोजन किया गया जिसमें भगवत प्राप्ति के लिए ईश्वर उपासना, जीवन साधना और राष्ट्र की सेवा आराधना का महत्व बताया गया। तृतीय दिवस प्रातः ध्यान साधना के बाद देवस्थापना पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुभारंभ हुआ। जिसमें सबके लिए सद्बुद्धि व उज्वल भविष्य हेतु गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुति दी गई, अपने बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लेते हुए पूर्णाहुति की गई।

यज्ञाचार्य राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ को पिता व गायत्री को माता कहा गया है इसी के सान्निध्य में मनुष्य श्रेष्ठ संस्कारवान बनता है। ब्लॉक समन्वयक लोचनराम साहू ने कहा कि ऐसे यज्ञ आयोजन प्रत्येक गांवों में होते रहना चाहिए, जिससे वातावरण पवित्र होता है, मानव में देवत्व का उदय व धरती पर स्वर्ग का अवतरण इसी से संभव है। आयोजन में ग्राम प्रमुख प्रकाश साहू, संरपच टेमन लाल साहू, घनसू साहू, देवलाल साहू, अरुण साहू, मुकेश साहू, देवधर साहू, नरेश कुमार साहू, मानसिंग साहू, विनोद कुमार साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दर्रा में 24-25 को होगा छग स्तरीय दो दिवसीय मानसगान महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



मानस प्रसार समिति दर्रा द्वारा छ.ग. स्तरीय दो दिवसीय मानसगान महोत्सव का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को किया गया है। इसके लिए आयोजक समिति ने अतिथि के रूप मे आमंत्रण के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। जिसके उद्घाटन समारोह 24 जनवरी को सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत दर्रा पूजा ठाकुर होंगी।

अध्यक्षता अध्यक्ष ग्राम विकास समिति दर्रा आत्मा राम साहू करेंगे। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति दर्रा पारसनाथ महेन्द्र, अध्यक्ष ग्राम साहू समाज दर्रा नोमेश्वर साहू, समाजसेवी दर्रा बेदराम सिन्हा, आरएचओ नरबदा युधन साहू, शंकर मंडावी उपस्थित रहेंगे। 24 जनवरी को संध्याकालीन आरती में शाम 5:30 बजे से 6:30 बजे पूप्पू कांकरिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर तारादेवी ताम्रध्वज यादव, ग्राम दर्रा ओमिन सिन्हा, पंच निर्मला सिन्हा, दशोदा बाई साहू, सविता चतुर्वेदी, पुष्पा सिन्हा, दुष्यंत शांडिल्य, मैना साहू, लक्ष्णी नागवंशी, पुष्पा चंद्रवंशी उपस्थित रहेगी। 25 जनवरी को सुबह 10 बजे उपसरपंच ग्राम पंचायत दर्रा नरसिंग सिन्हा, सचिव ग्राम पंचायत दर्रा त्रिलोक पटेल, कमलेश्वर साहू, पंच सुफल साहू, तामेश्वर साहू, ओमप्रकाश, देवव्रत साहू, तेजराम साहू, रिखी राम देवांगन उपस्थित रहेंगे। 25 जनवरी को रात्रि 08 बजे समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता विधायक संगीता सिन्हा करेगी।

विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत दर्रा पूजा ठाकुर, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर किशोर साहू, पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामे"वर साहू, सेक्टर प्रभारी दर्रा दियाबाती सोमनाथ साहू, ललित साहू, डॉ छगन साहू, जशकुमार ओटी उपस्थित रहेंगे।

**छत्तीसगढ़ नगर पालिका विधान 1961 की धारा 150 के तहत्**
**ईश्तहार**

क्रमांक /77/ नामांतरण/न.पा./2026
बालोद, दिनांक 15/01/2026

सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि वार्ड क्रमांक 12 मार्ग / गली नम्बर गंजपारा बालोद स्थित मकान नम्बर 12/308 में से श्रीमती राखी देशमुख जौ. श्री विकास देशमुख का नाम दर्ज है।

उक्त मकान में अपना नाम दर्ज करने हेतु श्रीमती सती साहू जौ. श्री राजेश कुमार साहू निवासी ग्राम खुरसेंगा पोस्ट कोड़ेपार तह. कुरुद जिला-धमतरी (छ.ग.) ने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी दावेदार को इस संबंध में आपत्ति हो, तो वह मूल प्रमाण सहित इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति कर सकते है। अवधि समाप्त होने पर या अवधि के पश्चात एवं बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण का नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

**सूचना हो**
दिनांक 15/01/2026
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बालोद**

HEALTH TOWN

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सहगांव में 21 को होगा पारंपरिक मड़ई मेला

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम सहगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक मड़ई मेला का आयोजन 21 जनवरी बुधवार को किया जाएगा। मेला आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। मड़ई मेले के अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें नाचा प्रेमसुमन नाच पार्टी, बैंडाढी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मड़ई मेला आयोजन के उपलक्ष्य में ग्राम में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसके अंतर्गत ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से गांव की साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाने का संदेश दिया। उक्त जानकारी ग्राम सरपंच भूषण देवांगन द्वारा दी गई। उन्होंने अधिक से अधिक ग्रामीणों से मेले में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### डौंडीलोहारा मंडल में 22 को नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों का प्रथम नगर आगमन

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी डौंडीलोहारा मंडल में जिला के नवनियुक्त युवा मोर्चा अध्यक्ष गुलशन साहू एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष डा. मोना टुवानी का प्रथम नगर आगमन 22 जनवरी, गुरुवार को निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर उनका भव्य स्वागत कार्यक्रम दोपहर 12 बजे पुराना जनपद पंचायत भवन डौंडीलोहारा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य, जिला व जनपद पंचायत सदस्य, नगर पंचायत प्रतिनिधि, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ पदाधिकारी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के तहत बटेरा चौक से दीनदयाल उपाध्याय चौक तक बाइक रैली भी निकाली जाएगी। युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा से अधिक संख्या में पार्टी ध्वज के साथ बाइक रैली में शामिल होने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी से समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### आदर्श ग्राम तिरगा में 26 से भव्य देवी जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता

**अंडा।** आदर्श ग्राम तिरगा में संयुक्त युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय भव्य देवी जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 26 एवं 27 जनवरी 2026 (सोमवार एवं मंगलवार) को पूर्ण श्रद्धा, उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न होगा। इस देवी जस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अंचल की ख्यातिप्राप्त देवी जस झांकी मंडलियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। आयोजकों के अनुसार सभी मंडलियों की एंट्री प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जिससे आयोजन को लेकर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि इन्हीं तिथियों में आसपास के ग्राम देवसरा, खुरसुनी, चीचा, जोगनाला मटेवा, आलबरस, अछोटी, अंडा कोनारी एवं जंजगीरी में भी देवी जस एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय और सांस्कृतिक वातावरण निर्मित होगा। संयुक्त युवा संगठन एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाएं तथा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति एवं देवी भक्ति परंपरा का आनंद लें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**प्रवचन : धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण में भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान का अनुभव**

# चुल्हापथरा में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का समापन 20 से अधिक मंडलियों ने बिखेरी स्वर लहरियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम चुल्हापथरा में तीन दिवसीय श्रीराम चरित्र मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का समापन 18 जनवरी को हुआ, जिसमे प्रदेश की 20 से अधिक मंडलियो ने अपनी प्रस्तुती दी।

मानसगान आयोजन समिति के अध्यक्ष जोहरिक राणा, सचिव मन्ना लाल चिराम, कोशाध्यक्ष नंदकुमार मंडावी, ग्राम विकास समित अध्यक्ष खेमलाल साहू, उपाध्यक्ष मनोज मंडावी सचिव यशवंत सिन्हा व कोशाध्यक्ष ताम्रध्वज कुल्हाड़ा ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ 16 जनवरी को प्रभु



श्रीराम चन्द्र की पूजा अर्चना कर किया गया। शुभारंभ धर्मेन्द्र साहू, सरपंच कन्हारपुरी तेजराम साहू, जीआर कुल्हाड़ा, आरडी कुल्हाड़ा, गौकरण साहू, मानवेन्द्र मंडावी, प्राधिकृत अधिकारी मोखा "याम लाल सिन्हा, पुरूशोत्तम साहू के आतिथ्य एवं ग्रामीण अध्यक्ष खेमलाल साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

उद्घोशक हलयुद्व साहू थे एवं सम्मेलाल साहू ने मंडलियो को दिए जाने वाले प्रसंगो का निर्धारण किया। सम्मेलन में गौकरण साहू, उभेराम सिन्हा किशुन सेन, बीसे लाल साहू, जालम सिंह,, जंगलूराम सोरी, अर्जुन चिराम, पंकज चिराम, संतोश कुंजाम, हेमा भुआर्य, अनिता चिराम, टिकेश्वरी साहू, उपसरपंच मानवेन्द्र मंडावी, तगेश्वर विश्वकर्मा कर्मा, गोपीराम उईके, गिरधारी सोरी, देवकुमार ठाकुर, पुरूशोत्तम रावटे, पोशराम साहू, पुरूशोत्तम साहू, मोहित सिन्हा, नरेद्र नागवंशी, थानसिंग सिन्हा, सुदर्शन कुल्हारा, उदेसिंग चिराम, पुनीत साहू, मुरहा राम नागवंशी, माखन लाल, सेवाराम साहू, जेठूराम, कृपाराम, हिरसिंग, जिरजोधन का सहयोग एवं मार्गदर्शन है।

## पांडेपारा बालोद में आज से होगा नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ

**बालोद।** पांडेपारा बालोद में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 19 जनवरी से 27 जनवरी तक किया गया है। जिसमे कथावाचिका देवी गीतांजली शर्मा होंगी। कथा दोपहर 12:30 बजे से प्रारंभ होगी।



जिसमे प्रथम दिवस 19 जनवरी को कलश यात्र दोपहर 12 बजे से निकाला जाएगा। जिसके बाद वेदी पूजन, भगवान महात्म्य गौकरण कथा संपन्न होगा। द्वितीय दिवस 20 जनवरी को व्यास जन्म, अमर कथा, सुकदेव जन्म, महाभारत प्रसंग, परिक्षित जन्म, बारह अवतार कथा होगा। तृतीय दिवस 21 जनवरी को मीरा चरित्र, कपिल देवहुति, उपाख्यान, सती चरित्र, शिव पार्वती विवाह कथा होगा। चतुर्थ दिवस 22 जनवरी को धुरव चरित्र, जड़भरत चरित्र, अजामिल प्रसंग, प्रहलाद चरित्र, बरसिंह अवतार कथा होगा। पंचम दिवस 23 जनवरी को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, रामजन्म, कृष्णजन्मोत्सव, महाआरती किया जाएगा। 'षष्ठम दिवस 24 जनवरी को बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, होली महोत्सव का आयोजन किया। जाएगा। सप्तम दिवस 25 जनवरी को महारास लीला, मथुरा गमन, कंसवध, रूखमणी विवाह कथा संपन्न होगा। अष्ठम दिवस 26 जनवरी को बाणासुर कथा, सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, चढ़ोत्री, शोभायात्रा निकाला जाएगा। नवम् दिवस 27 जनवरी को गीता प्रवचन, वृद्धा महारानी कथा, तुलसी वर्शा, गीतादान, हवन पूर्णाहूति, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा, महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# बालोद में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि एवं विश्व शांति दिवस मनाया





**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के 57 वीं पुण्यतिथि विश्व शान्ति दिवस के रूप में आत्मज्ञान भवन बालोद में मनाई गई। इस दौरान राजयोग का अभ्यास किया गया और ब्रह्मा बाबा के जीवन से संबंधित डॉक्यूमेंन्ट्री फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा विश्व शांति के प्रणेता ब्रह्मा बाबा एक ऐसे दिव्य पुरूष थे, जिन्होंने परमात्मा शिव के मार्गदर्शन में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर समस्त मानव जाति को महान बनने का रास्ता दिखाया। ब्रह्मा बाबा ने ईश्वरीय कायदों एवं नियमों के द्वारा नवयुग हेतु विकास की नींव रखी। आध्यात्मिक क्रांति की जाग्रति की मशाल लिए हुए उनके द्वारा स्थापित ओम मंडली से शुरू होकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय का स्वरूप लिए आज 140 से भी अधिक देशों में अपनी शाखा, प्रशाखाओं के माध्यम से जनजाग्रति और विश्व कल्याण के कर्तव्य निभा रहा। उन्होंने आगे कहा कि ब्रह्मा बाबा यज्ञ पुरूष थे, जिन्होंने अपनी तपस्या से संसार को एक नई दिशा प्रदान की। इसके अलावा उन्होंने संस्कार परिवर्तन से संसार को बदलने का अनोखा संदेश दिया। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने साल 1936 से साधना के बल पर अपनी संपूर्ण अव्यक्त अवस्था को 18 जनवरी 1969 को प्राप्त किया था। ब्रह्मा बाबा की तपस्या ऐसी थी, जो उनके पास जाने से ही आने वाली नई स्वर्णिम सृष्टि के साक्षात्कार होने लगते थे। बाबा की वाणी के पवित्र वायब्रेशन से हर कोई अपनी देह की सुधबुध भूल आत्मानुभूति में स्थित होकर सुख का अनुभव करता था।

### ब्रह्मा बाबा का पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धा भाव से मनाया गया

**डौण्डीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र में ब्रह्माकुमारीज के संस्थापक तथा परम पिता परमात्मा शिव के साकार माध्यम ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष योग तपस्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान परमात्मा को भोग अर्पित किया गया तथा आध्यात्मिक वातावरण में ध्यान एवं साधना



सम्पन्न हुई। सेवा केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन से जुड़ी 18 विशेषताओं एवं उनके आध्यात्मिक संदेशों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को आत्मिक उन्नति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा बाबा का सम्पूर्ण जीवन सेवा, तपस्या और आत्म-परिवर्तन का प्रेरक उदाहरण है। समापन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को ब्रह्मा भोज कराया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी द्वारा दी गई।

# धान खरीदी की तिथि घटाने पर प्रदेश सरकार पर किसानों को परेशान करने का आरोप: जपं उपाध्यक्ष राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

- टोकन शिफ्ट करने से किसानों और कर्मचारियों पर बढ़ा दबाव, पटवारी और कोतवालों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता



सरकार ने धान खरीदी कि अंतिम तिथि 31 जनवरी के जगह अब 30 जनवरी को तय कर दिया है। जैसे जैसे यह तिथि नजदीक आते जा रहा वैसे वैसे सरकार किसानों व कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बना रहा है। क्यों की 31 जनवरी को समितियों में उपार्जन हेतु काटा गया टोकन अब 29 जनवरी को शिफ्ट कर दिया गया है।

उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसान को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पहले किसान खाद और बीज के लिए परेशान थे। अब किसी भी तरह अपनी उपज को बचा लिया है। तो सरकार उसे खरीदने के लिए आना कानी कर रही है सरकार मोदी कि गारंटी में एक एक दाना खरीदने कि बात कर रही थी आज वही सरकार किसानों को चोर व दलाल बताते हुए। घर घर जाकर उनके उपज का सत्यापन कराने में जुटी है। पटवारी व कोतवाल द्वारा किसानों के घर घर जाकर किसानों के साथ दबाव पुर्ण ढंग से दुर्व्यवहार किया जा रहा है। दुसरी तरफ धान नहीं बिक पाने व टोकन नहीं मिल पाने से किसान के आक्रोश का शिकार पटवारी व कोतवाल न हो जाये यह भी खतरा बना हुआ है। सत्यापन में लगे पटवारी व कोतवाल कि सुरक्षा का जिम्मेदार कौन होगा। यह भी एक प्रश्न का विषय है सरकार किसान का धान खरीदने से बचने का प्रयास कर है, कई किसान अपनी जमीन रेग में देकर कृषि कार्य कर रहे हैं। जिसका उपज अन्यत्र जगह रख दिया गया है। ऐसी स्थिति में कृषकों को अपनी फसल बेचने के लिए प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है। एक तरफ 7 करोड़ का धान चूहा खाने का मामला सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर कर रहा है और दुसरी ओर सरकार का खाद्य विभाग यह भी कह रही है धान में 'सुखत ' का होना वैज्ञानिक और स्वाभाविक प्रक्रिया है। जिसे 'माईसचर लास' कहा जाता है। ऐसे में सहकारी समितियो में सुखत का प्रावधान क्यों नहीं दे रही है। क्या सुखत सिर्फ संग्रहण केंद्र में ही होता है सहकारी समिति में नहीं? लेकिन हम बता देते हैं किसानों का एक एक दाना सरकार को लेना ही होगा, इसके लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता किसानों के साथ खड़ी है।

# फागुनदाह में शिरोमणी भक्त गुहा निषाद राज जयंती एवं सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्रामीण केंवट समाज चिटौद द्वारा शिरोमणी भक्त गुहा निषाद राज जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन 18 जनवरी को ग्राम फागुनदाह में आयोजित किया गया। जिसमे प्रातः 10 बजे कलश यात्रा राउत नाचा के साथ निकाली गई। दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत, दोपहर 3 बजे प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता जनपद सदस्य प्रमिला रामस्वरूप साहू ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत चिटौद तीरथ यादव, उपसरपंच ग्राम पंचायत चिटौद रमेश ठाकुर, अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति चिटौद पुरूशोत्तम सिन्हा, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत चिटौद कुमारी साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र निषाद समाज फागुनदाह पदुमराम निषाद , उपाध्यक्ष परिक्षेत्र निषाद समाज फागुनदाह शिवप्रसाद निषाद , पूर्व जनपद सदस्य सुरेन्द्र तिवारी उपस्थित थे।

# नर्राटोला में कल मनाया जाएगा शहीद गेंद सिंह नायक का 201वां शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज द्वारा शाहिद गेंद सिंह नायक की 201वीं शहादत दिवस 20 जनवरी मंगलवार को डोंडी के समीप ग्राम नर्राटोला हवाई अड्डा पर मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे मुख्य अतिथि

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री राम विचार नेताम केदार कश्यप भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल होंगे। शहादत दिवस के लिए सामाजिक लोगों द्वारा पंडाल मंच भोजन ब्यवस्था आदि के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। इसके अलावा



प्रशासन द्वारा भी हेलीपैड का निर्माण जारी है। समाज के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह तारम क्षेत्रीय कार्यकर्ता रेवा रावटे गजेंद्र रावटे ने बताया कि शाहिद गेंद सिह नायक छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे उनकी शहादत 1825 में हुई थी। जिसके स्मृति में समाज द्वारा 201वी यह शहादत दिवस राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें पूरे भारतवर्ष के आदिवासी समाज के एक लाख से भी अधिक लोग आएंगे जिसके ठहरने भोजन पानी छाया के लिए तैयारी समाज द्वारा ब्यापक स्तर पर की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर मां दन्तेश्वरी की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा आसपास गांव के 12 गांव के देवी देवता शीतला माता भी यहां स्थापित रहेगी। इसके साथ ही यहां पर आदिवासी संस्कृति का स्टॉल और है। हाट बाजार मड़ई मेला आदि लगेगा साथ ही बालोद दल्ली राजहरा डोंडी कच्चे भानुप्रतापपुर क्षेत्र सभी समाज के मुखिया के अलावा गांव में निवासरत 12 बिरादरी के लोग भी हमारे कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# अजीत बने तीसरी बार दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



दुर्ग ग्रामीण के अंडा–विनायकपुर क्षेत्र से जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा लगातार तीसरी बार दुर्ग जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, सांसद विजय बघेल, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित जिले के कई जनप्रतिनिधियों, मंडल पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

बधाई देने वालों में पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, जिला मंत्री गिरेश साहू, जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू सहित अंडा, निकुम, उतई और विनायकपुर क्षेत्र के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। अपनी नियुक्ति पर अजीत चंद्राकर ने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने लगातार तीसरी बार यह जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए राज्य और केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। साथ ही धमधा, दुर्ग ग्रामीण और पाटन विधानसभा क्षेत्रों में किसान मोर्चा को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को साथ लेकर काम करेंगे।

**धर्म की विजय का संदेश देती श्रीमद् भागवत की कथाएं**

# घोनवागांव की श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ग्राम राघोनवागांव में सुधाकर परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

कथा का वाचन खामभाट निवासी प्रसिद्ध कथावाचक पं. केशव शर्मा (छोटे महाराज) द्वारा किया जाएगा । कथा के चौथे दिन पं. शर्मा ने व्यासपीठ से भगवान श्री विष्णु एवं माता महालक्ष्मी के दिव्य स्वरूप का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि इच्छा-शक्ति, ज्ञान-शक्ति और क्रिया-शक्ति इन तीनों शक्तियों का समन्वित स्वरूप ही मां महालक्ष्मी हैं। वे क्षीरसागर से



प्रकट होकर समुद्रराज की पुत्री कहलाती हैं तथा करुणा और कृपा की प्रतीक हैं। उनकी उपासना से न केवल धन-वैभव की प्राप्ति होती है, बल्कि जीवन में शांति, संतोष और आत्मिक समृद्धि भी आती है। कथावाचक ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कंस वध का उल्लेख करते हुए उन्होंने धर्म की विजय का संदेश दिया। साथ ही वामन अवतार, ध्रुव चरित्र, जड़भरत कथा एवं प्रह्लाद चरित्र का भावपूर्ण और



संगीतमय वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा सप्ताह के परीक्षित संगीता एवं नीरज सुधाकर हैं, जबकि प्रमुख यजमान चंद्रप्रभा सुधाकर हैं। संगीतमय भजनों, प्रवचनों और भक्तिमय वातावरण के बीच प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण का लाभ उठा रहे हैं। आयोजन से पूरे ग्राम में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त है।

